रंग बिरंगी ध्वजा हाथ में लाखों लेकर भक्त चले लिरिक्स

रंग बिरंगी ध्वजा हाथ में,
लाखों लेकर भक्त चले,
तेरी कृपा और तेरे भरोसे,
तेरे भगत का काम चले,
तेरी कृपा और तेरे भरोसे,
तेरे भगत का काम चले।bd।

तर्ज – क्या मिलिए ऐसे लोगों से।

फागण महिना जब जब आए,
मेरा मन है हर्षाता,
कृपा करो हे श्याम धणी,
तेरा दर्शन मैं पाता,
तेरे चरणों की छैया में,
ये सारा संसार पले,
तेरी कृपा और तेरे भरोसे,
तेरे भगत का काम चले।bd।

सबके संग में मैं भी लाऊँ,
ध्वजा यात्रा श्याम की,
हाजरी लगा लो मिलकर,
खाटू पावन धाम की,
मंदिर में निशान चढ़ाकर,
हम सालासर धाम चले,
Bhajan Diary Lyrics,
तेरी कृपा और तेरे भरोसे,
तेरे भगत का काम चले।bd।

बालाजी का दर्शन करके,
दादी दर्शन पाना है,
श्याम धणी को केसर इत्तर,
खूब गुलाल लगाना है,
'पवन' कहे खाटू वृन्दावन,
सांवरिये से नैन मिले,
तेरी कृपा और तेरे भरोसे,
तेरे भगत का काम चले।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

रंग बिरंगी ध्वजा हाथ में,
लाखों लेकर भक्त चले,
तेरी कृपा और तेरे भरोसे,
तेरे भगत का काम चले,
तेरी कृपा और तेरे भरोसे,
तेरे भगत का काम चले।bd।

Singer – Neha Rai

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com